# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग
## ।। संकल्प ।।

**विषयः– माननीय मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आनन्दपुरी नाला (बाबा चौक–अटल पथ–ए०एन० कॉलेज इदिंरा सिन्हा पथ–राजापुर पुल) योजना हेतु कुल राशि ₹9127.00 लाख (एकानबे करोड़ सताईस लाख रू०) मात्र की स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यकारी एजेंसी के रूप में राज्य सरकार के उपक्रम बुडको को नामित करने की स्वीकृति के संबंध में।**

पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आनन्दपुरी नाला (बाबा चौक–अटल पथ–ए०एन० कॉलेज इदिंरा सिन्हा पथ–राजापुर पुल) योजना के अन्तर्गत आनन्दपुरी नाला का पक्कीकरण करते हुए इसके ऊपर पथ का निर्माण कराया जाना है। इस योजना के कार्यान्वयन से इसके आस–पास रहने वाले नागरिकों के लिए यातायात की व्यवस्था हो पायेगा तथा शहरवासियों को एक वैकल्पिक पथ की सुविधा प्राप्त हो जायेगी।

2. इस योजना के लिए स्वीकृत राशि का प्रबंध राज्य योजना मद से किया जायेगा। राशि की वर्षवार व्यय विवरणी निम्नवत है :–

(राशि लाख में)

| क्र०सं० | वित्तीय वर्ष | वर्षवार व्यय की जानेवाली कुल राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2024-25 | 800.00 |
| 2 | 2025-26 | 6000.00 |
| 3 | 2026-27 | 2327.00 |

3. बजट शीर्ष तथा बजट की उपलब्धता :– पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आनन्दपुरी नाला (बाबा चौक–अटल पथ–ए०एन० कॉलेज इदिंरा सिन्हा पथ–राजापुर पुल) योजना पर व्यय राज्य योजना अन्तर्गत निम्नांकित बजट शीर्ष से वर्तमान एवं आगामी वित्तीय वर्षों में की जायेगी :–

(i) माँग सं०–48 नगर विकास एवं आवास विभाग के मुख्य शीर्ष– 2215– जल पूर्ति तथा सफाई, उपमुख्य शीर्ष– 02– मल–जल तथा सफाई, लघु शीर्ष– 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष– 0101–नाली निर्माण एवं मल निकासी के लिए शहरी स्थानीय निकायों को सहायक अनुदान, विपत्र कोड– 48-2215027890101, विषय शीर्ष– 0101.31.05 सहायक अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण मद से की जायेगी।

(ii) माँग सं०–48 नगर विकास एवं आवास विभाग के मुख्य शीर्ष– 2215– जल पूर्ति तथा सफाई, उपमुख्य शीर्ष– 02– मल–जल तथा सफाई, लघु शीर्ष– 191–नगर निगम को सहायता, उपशीर्ष– 0102–नाली निर्माण एवं मल निकासी के लिए शहरी स्थानीय निकायों को सहायक अनुदान, विपत्र कोड– 48-2215021910102, विषय शीर्ष– 0102.31.05 सहायक अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण मद से की जायेगी।

**4. अतः उक्त के आलोक में माननीय मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आनन्दपुरी नाला (बाबा चौक–अटल पथ–ए०एन० कॉलेज इदिंरा सिन्हा पथ–राजापुर पुल) योजना हेतु कुल राशि ₹9127.00 लाख (एकानबे करोड़ सताईस लाख रू०) मात्र की स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यकारी एजेंसी के रूप में राज्य सरकार के उपक्रम बुडको को नामित करने की स्वीकृति दी गई है।**

**5. उपर्युक्त कंडिका–04 में निहित प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की दिनांक 25.02.2025 की बैठक में मद सं0–58 में स्वीकृति दी गई है।**

**आदेश** :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाए एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार को सूचनार्थ भेजी जाय।

**ज्ञापांक–14/सड़क–03–68/2024** 885 **/न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक–**04/3/25

**प्रतिलिपिः**– मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना/ महालेखाकार, बिहार, पटना/ मुख्य सचिव, बिहार/ विकास आयुक्त, बिहार/ महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/ माननीय मुख्यमंत्री के सचिव/ सरकार के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव / सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी/ प्रबंध निदेशक, बुडको/ नगर आयुक्त, सभी नगर निगम/ कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं पंचायत/सभी मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(अभय कुमार सिंह)**
**सरकार के सचिव।**